दिनांक 24.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री एस0 के0 सुंदरानी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के सफल संचालन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक निगम सभागार में ली गई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने आज निगम सभागार में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के गाईड लाईन पुस्तिका में उल्लेखित प्रश्नावली के विषय सूची एवं सर्वेक्षण कार्यप्रणाली का भागवार कार्यों का क्रियान्वयन सूचारु रुप से संपादित किये जाने के संबंध में बैठक ली गई । तथा उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु अधीक्षण अभियंता श्री आर0के0 साहू को नोडल अधिकारी बनाया गया है श्री साहू स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 हेतु निकाय क्षेत्र के अंतर्गत समस्त गतिविधियों के संचालन हेतु अधिकृत किया गया है श्री साहू के साथ सहायक नोडल अधिकारी के रूप में स्वास्थ्य अधिकारी श्री आई एल यादव, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री जावेद अली, समन्वयक के रूप में सुडा द्वारा अधिकृत श्री अभिनव ठोकने, श्री शुभम पाटनी पीआईयू को संलग्न किया गया है।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गठित टीम में निगम उपायुक्त श्री ए0के0 द्विवेदी, राजस्व अधिकारी श्री एच0 के0 चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता श्री आर के साहू, भवन निर्माण अधिकारी श्री तपन अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी श्री आई एल यादव, जोन आयुक्त 1 श्री संजय बागडे, जोन आयुक्त 02 श्री सुनील जैन, जोन आयुक्त क्रमांक 3 श्री एसपी साहू, जोन आयुक्त 4 श्री संजय शर्मा, जोन आयुक्त 5 श्री डीके वर्मा, जोन आयुक्त क्रमांक 6 श्री टी0के0 रणदिवे, सहित सूडा द्वारा अधिकृत पीआईयू एवं पीएमयू के साथ निगम के कर्मचारियों को संलग्न किया गया है जिनके द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में समस्त कार्यो का समन्वय बनाकर अपने कार्य का संपादन करेंगे।

जनसम्पर्क अधिकारी